आकाशवाणी शिमला

01.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

**मुख्य समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– इस वर्ष के केंद्रीय बजट में कृषि व ग्रामीण समृद्धि पर दिया गया है विशेष बल।**
- **मुख्यमंत्री ने प्रदेश में नशे के नेटवर्क को खत्म करने के लिए पुलिस विभाग को एक व्यापक अभियान चलाने के दिए निर्देश।**
- **शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा– टीजीटी व जेबीटी अध्यापकों के लगभग दो हजार सात सौ पद जल्द भरेगी सरकार।**
- **प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने कहा– प्रदेश में पार्टी की नई कार्यकारिणी का 15 दिनों के भीतर होगा गठन।**

**बजट वैबिनार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इस वर्ष के केन्द्रीय बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि देश का विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ने का संकल्प स्पष्ट है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि कृषि को विकास का पहला इंजन मानते हुए सरकार ने किसानों को गौरव का स्थान दिया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का उल्लेख करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस योजना के तहत अब तक किसानों को लगभग पौने चार लाख करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में नशे के नेटवर्क को खत्म करने के लिए पुलिस विभाग को अगले 6 महीने में मिशन मोड पर एक व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। शिमला में आज पुलिस व अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और यदि कोई सरकारी कर्मचारी अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**निशुल्क कोचिंग**

इस बीच मुख्यमंत्री ने आज शिमला में मेरे शहर के 100 रत्न कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके माध्यम से प्रदेश में 6 हजार 8 सौ विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निशुल्क कोचिंग दी जाएगी। कार्यक्रम के तहत क्रैक एकेडमी लगभग 34 करोड़ रुपये के निवेश से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से एक सौ मेधावी विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि विद्यार्थियों के चयन के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों व कॉलेजों में परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें छठी और इससे ऊपर की कक्षाओं के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। शीर्ष 100 विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग दी जाएगी, जबकि इसके बाद अगले दो सौ विद्यार्थियों को 75 फीसदी और उसके बाद के 5 सौ विद्यार्थियों को कोचिंग पर 50 फीसदी छूट मिलेगी।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में टीजीटी के 9 सौ 37 और जेबीटी के एक हजार 7 सौ 62 पद भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य चयन आयोग को इन पदों को जल्द भरने को कहा गया

है। रोहित ठाकुर ने कहा कि सरकार ने बैचवाईज आधार पर रिक्त पदों को पहले ही भर दिया है और सरकार शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता लाने को प्राथमिकता दे रही है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रदेश के छात्रों में सीखने का स्तर सबसे अधिक है और शिक्षा में समय की मांग के अनुसार सुधार किए जा रहे हैं।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि वाराणसी घाट की तर्ज पर सुन्नी में भी सतलुज के किनारे एक बड़े स्तर का घाट बनाया जाएगा जहां हर साल सतलुज आरती का आयोजन होगा। उन्होंने आज सुन्नी में नगर परिषद द्वारा आयोजित **''स्वच्छ शहर समृद्ध शहर''** कार्यक्रम में शिरकत की। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 10 फरवरी को शिमला से इस अभियान की शुरूआत की थी जो 9 मार्च तक पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य शहरों व कस्बों को साफ–सुथरा बनाना है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि सुन्नी में जल्द ही मिनी सचिवालय का निर्माण किया जाएगा।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने मंदिरों को प्रदेश की योजनाओं के लिए धन देने संबंधी राज्य सरकार के आदेश की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का ये आदेश हिन्दू आस्था व विश्वास पर गहरा आघात है। अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की आर्थिक कुप्रबंधन के कारण प्रदेश का खजाना खाली हो गया है और सरकार के पास वेतन व पैंशन देने के भी पैसे नहीं है। उन्होंने सरकार से इस फैसले को तुरंत वापिस लेने को कहा है।

**रजनी पाटिल**

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने कहा है कि हिमाचल में 15 दिन के भीतर पार्टी की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया जाएगा। उन्होंने दो दिन तक प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के सभी बड़े नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें की। रजनी पाटिल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस पार्टी एक व्यक्ति–एक पद की पक्षधर है और नई कार्यकारिणी में सभी समुदायों को प्राथमिकता दी जाएंगी। कांग्रेस प्रभारी ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति के लिए पूर्व भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

इस बीच रजनी पाटिल ने विधानसभा का दौरा कर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भेंट की। इस दौरान प्रदेश से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। विधानसभा अध्यक्ष ने आगामी बजट सत्र को लेकर भी कांग्रेस प्रभारी के साथ संवाद किया।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार ने पिछले दो वर्षों में आम लोगों की बजाए अपने चहेतों के कल्याण को प्राथमिकता दी है और मित्रों, सलाहकारों व सीपीएस पर भारी भरकम पैसा खर्च किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्य संसदीय सचिवों को बचाने के लिए कानूनी लड़ाई में राज्य सरकार ने पेशी के लिए वकीलों पर करोड़ों रुपये खर्च कर दिए हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि जनकल्याण व उपलब्धि के नाम पर राज्य सरकार ने कुछ नहीं किया है और केंद्र सरकार द्वारा दी गई धनराशि का भी कांग्रेस सरकार दुरूपयोग कर रही है।

**एचआरटीसी**

एचआरटीसी चालक परिचालक यूनियन ने आज अपनी मांगों को लेकर शिमला में निगम मुख्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। ये कर्मचारी सरकार से पिछले कई वर्षों से लंबित ओवर टाईम का भुगतान

करने सहित भत्तों की अदायगी की मांग कर रहे हैं। यूनियन के कोषाध्यक्ष पदम सिंह ठाकुर ने कहा कि चालकों व परिचालकों को पिछले लगभग 65 महीने से रात्रि ओवर टाईम की अदायगी नहीं की गई है, जबकि मुख्यमंत्री ने भी इस बारे में आश्वासन दिया था।

## मौसम

मौसम साफ होते ही आज भारी बर्फबारी व भूस्खलन से अस्त–व्यस्त हुए जनजीवन को पटरी पर लाने के प्रयास तेज हो गए हैं। प्रदेश में अभी भी चार राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित चार सौ 80 सड़कें यातायात के लिए बाधित हैं। इसके अलावा बिजली के लगभग दो हजार ट्रांसफार्मर और पानी की चार सौ से अधिक योजनाएं ठप्प हैं। मौसम विभाग ने कल प्रदेश में मौसम आमतौर पर साफ रहने की संभावना जताई है, जबकि 3 मार्च को कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा व बर्फबारी का ऑरेंज अर्लट जारी किया गया है।

## स्वास्थ्य सम्मेलन

ओड़िशा के पुरी में नौवां राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने इसका शुभारम्भ किया। हिमाचल की स्वास्थ्य सचिव एम.सुधा देवी के नेतृत्व में राज्य के एक दल ने भी सम्मेलन में भाग लिया। इस कार्यक्रम के लिए प्रदेश सरकार द्वारा की गई 5 नवोन्वेषी पहलों का चयन किया गया।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– इस वर्ष के केंद्रीय बजट में कृषि व ग्रामीण समृद्धि पर दिया गया है विशेष बल।
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश में नशे के नेटवर्क को खत्म करने के लिए पुलिस विभाग को एक व्यापक अभियान चलाने के दिए निर्देश।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा– टीजीटी व जेबीटी अध्यापकों के लगभग दो हजार सात सौ पद जल्द भरेगी सरकार।
- प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने कहा– प्रदेश में पार्टी की नई कार्यकारिणी का 15 दिनों के भीतर होगा गठन।

––––––––––––––––––